तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 05 दिसंबर 2024

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सरपंच ने किया बुजुर्गों... 11



हर गरीब का पक्का आवास का सपना हो रहा ... 11





## खबर संक्षेप

### बोर खुदाई की बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जाड़ामुडा में नल-जल योजना का बोर खुदाई कराने की बात पर विवाद के बाद मारपीट की खबर सामने आई है। जाड़ामुडा निवासी निराकार प्रधान ने पुलिस को बताया कि वह 3 दिसंबर को सुबह करीबन 11 बजे मनोहर प्रधान के साथ खेत तरफ गया था तो देखा कि अशोक प्रधान मनोहर के खेत के आने-जाने के रास्ता में नल जल योजना का बोर खुदाई करा रहा था निराकार और मनोहर ने कहा नल जल योजना का बोर खोदाई किसी और स्थान के नाम से आया है और मनोहर के खेत के आने जाने के रास्ता में खुदाई कर रहे हो, इतने में अशोक आवेश में आकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये पास में रखे डंडा से मारपीट किया। मनोहर प्रधान बीच बचाव करने पर उसे भी गाली गलौज करते हुये डंडा से मारपीट किया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### ट्रक से टकराई पिकअप स्टेयरिंग में फंसा चालक

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में हुए एक हादसे में सितली नाला के पास खड़ी ट्रक से पिकअप टकरा गई। हादसे में पिकअप चालक स्टेयरिंग में फंस गया। जिसे पुलिस और आसपास के लोगों कि मदद से निकाला गया। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक अचानकपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कवर्धा हाल बसंत विहार कॉलोनी गेट नंबर 02 रायपुर निवासी पुरूषोत्तम साहू ट्रांसपोटिंग का काम करता है। 25 नवंबर 2024 को पुरूषोत्तम का ड्रायवर चेतन साहू अपने हेल्पर कमल वर्मा को साथ लेकर ग्राम बरगा से सब्जी लोड कराकर शाम करीब 4 बजे बागबाहरा जाने के लिए निकला। रात करीब 2:20 बजे कमल वर्मा, पुरूषोत्तम को कॉल कर बताया कि पिकअप महासमुंद के सितली नाला के पास एक्सीडेंट हो गया है जिसमें ड्रायवर चेतन साहू गंभीर रूप से घायल है, जो गाड़ी के स्टेयरिंग में फंसा है। सूचना पर पुरूषोत्तम ने महासमुंद आकर देखा कि उसका ड्रायवर पिकअप के स्टेयरिंग में फंसा था। सामने एक ट्रक खडी थी। उसी ट्रक के पीछे में पिकअप का ड्रायवर चेतन साहू एक्सीडेंट कर दिया था। पुरूषोत्तम ने घटनास्थल पर देखा कि ट्रक क्र एनएल 01 एसी 7013 के चालक अपने ट्रक को एनएच 353 रोड सितली नाला के पास बिना इंडीकेटर जलाए लापरवाही पूर्वक रोड में खड़ा कर दिया था, जिसके कारण पिकअप ट्रक के पीछे भाग में टकरा गया। हादसे में पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा फिर से लागू, फेल होने पर दोबारा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा 15 साल बाद एक बार फिर शुरु होने जा रही है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय ने प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में पांचवीं व आठवीं की नियमित परीक्षाएं लिए जाने को लेकर अनेक बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी किया है। बता दें वर्ष 2010 के बाद उत्तीर्ण- अनुत्तीर्ण प्रक्रिया पूरी तरह से समाप्त कर दी गई थी। अब 2024-25 से इसे पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 को 01 अप्रैल 2010 से लागू किया गया। इस अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत 6- 14 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दी जाती है। धारा 16 के अंतर्गत पहली से आठवीं कक्षा तक किसी भी बच्चे को अनुत्तीर्ण नहीं किया जाता। इसी कारण सत्र 2010-11 से ही 5 वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षा समाप्त कर दी गई थी एवं प्रारंभिक कक्षा पहली से आठवीं में किसी भी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त धारा 30 (1) में उल्लेखित है कि किसी बालक से प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी। लेकिन, इसके चलते विगत कुछ वर्षों से विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ा है। भारत सरकार द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (एमेंडमेंट) अधिनियम 2019 लाया गया। इसमें धारा 16 में निम्नानुसार परिवर्तन किये गये। जिसमें प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में 5वीं एवं 8वीं की नियमित परीक्षा ली जाएगी। यदि विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे परीक्षा दिनांक के दो माह के भीतर पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। राज्य सरकार (समुचित सरकार) विद्यालय को 5वीं या 8वीं या दोनों कक्षाओं में रोकने (अनुत्तीर्ण करने) की अनुमति दे सकेगी।

## उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए बनेगा केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र




### विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तैयार किया जाएगा प्रश्न प्रत्र

5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा जिला स्तर पर ली जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी गोपनीयता बनाए रखते हुए गुणवत्तायुक्त परीक्षा संपन्न कराएंगे। केंद्रीकृत परीक्षा हेतु विद्यार्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा मार्च माह में आयोजित की जाएगी तथा परीक्षा की समय-सारिणी संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तैयार किया जाएगा तथा वितरण पश्चात केंद्राध्यक्ष प्रश्न पत्र निकट के थाने में रखेंगे। प्रश्न पत्र रखने की प्रक्रिया बोर्ड परीक्षा के अनुरुप किया जाएगा। परीक्षा हेतु विद्यालय से केंद्राध्यक्ष नियुक्त किये जाएंगे। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु पृथक से केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र बनाए जाएंगे। मूल्यांकन केंद्राधिकारी अपने संकुल एवं निकट के संकुल के शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य संपन्न कराएंगे। मूल्यांकन कार्य कक्षा 5वीं एवं 8वीं पढ़ाने वाले शिक्षकों से कराया जाएगा।

## सेहत : वायरल इन्फेक्शन के मरीजों में इजाफा

# मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव से लोगों की सेहत पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ठंड बढ़ने के साथ ही अब शहर सहित अंचल में विंटर फीवर वायरल इंफेक्शन के मरीजों में इजाफा होने लगा है। फलस्वरूप शासकीय अस्पतालों, निजी अस्पतालों में ओपीडी बढ़ गई है। अंचल में वायरल इंफेक्शन कहर बरपा रहा है।

फलस्वरूप लोग बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में दर्द से पीड़ित हो रहे हैं। इन दिनों मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक तथा सामुदायिक चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हुआ है। खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज की रोजाना की ओपीडी 250 से 300 के बीच दर्ज होती है। लेकिन, अचानक मौसम बिगड़ने की वजह से ओपीडी 450 से अधिक हो गई है। इनमें अधिकांश लोग सर्दी, बुखार सिर दर्द तथा टॉसिंल के मरीज हैं। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सकीय सुझाव दिया जा रहा है। शहर में लगभग हर घरों में कोई ना कोई वायरल इन्फेक्शन से जूझ रहा है।

आसपास के क्षेत्र में बीते 2 दिनों से अचानक मौसम में बदलाव से जहां दिन जहां नमी युक्त हवा लोगों को ठिठुरने मजबूर कर रही है तो सुबह कोहरा तथा रात में ठंड लोगों को परेशान कर रही। फलस्वरूप इस अजीबोगरीब मौसम ने लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाला है। इससे सबसे ज्यादा बच्चे व वृद्ध प्रभावित हुए हैं। यही कारण है कि अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार, टॉन्सिल, सिर दर्द, उल्टी जैसी बीमारियों की समस्या लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में शासकीय अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है, मौसम बदलने से लोग वायरल से पीड़ित हो रहे हैं। यह एक व्यक्ति से दूसरे में बहुत जल्दी फैलता है। इसके कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। तीन से चार दिनों तक सर्दी, खांसी, बुखार होने पर खुद से दवा लेने के बजाय डॉक्टरों को जरूर दिखाएं।

### बच्चे पहुंच रहे अस्पताल

मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े हैं। शुरुआत में किसी-किसी मरीज को तेज बुखार आ रहा है। ऐसे मरीजों को ठीक होने में अधिकतम पांच दिन लग रहा है। इंफेक्शन वाले बच्चे बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिन्हें पहले से निमोनिया है, उन्हें फिर से इसका अटैक हो रहा है। फेफड़े में इंफेक्शन वाले बच्चे भी सामने आ रहे हैं। ऐसे बच्चों के सीने में तकलीफ की शिकायत मिल रही है। इन बच्चों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### अस्थमा के मरीजों के लिए मुसीबत

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल खरोरा से मिली जानकारी के अनुसार सर्दियों के मौसम में यदि, बारिश हो जाए तो इससे सर्वाधिक दमा, अस्थमा के मरीजों को परेशानी बड़ जाता है। दमा-अस्थमा के मरीजों को नलिका में सूजन आ जाती है जिसकी वजह सर्वाधिक परेशानी होती है। दरअसल, ठंड की वजह से श्वास से मरीजों को श्वास लेने में दिक्कतें आती है। ठंडी जगहों या सर्द हवा की वजह से कभी भी अस्थमा का अटैक उठ जाता है। यही नहीं कोहरे के बारीक कण भी नाक की भीतरी सतह में जमने की वजह से अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।

# मूलभूत सुविधाओं की बहाली के बाद हड़ताल समाप्त

## इधर, पत्रकार वार्ता लेने के बाद पूर्व पार्षद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




नपाध्यक्ष पर हुए कथित हमले के विरोध में धरना दे रहे पालिका कर्मचारियों और राशि महिलांग द्वारा धरना समाप्त कर दिया गया। अब बुधवार को मूलभूत सुविधाओं की भी बहाली हो गई। इधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देर शाम पूर्व पार्षद पंकज साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि नपाध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग से मारपीट के मामले में पूर्व पार्षद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिछले दो दिन तक नगर पालिका कर्मचारी संघ पालिका का दफ्तर के सामने पंडाल लगाकर हड़ताल में डटा रहा। नपाध्यक्ष के आग्रह पर कर्मचारियों ने मूलभूत सुविधाएं बिजली व पानी व्यवस्था बहाल कर दी और बुधवार से सुविधाएं सुचारु हो गई। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, कर्मचारियों के पंडाल जाकर उन्हें मूलभूत सुविधा बहाल करने के आग्रह के बाद कर्मचारियों ने सेवाओं को बहाल किया। श्रीमती महिलांग ने बताया कि प्रभावित मूलभूत सुविधा को बहाल करते हुए कर्मचारियों ने मुझसे वादा किया है कि आज शाम से शहर की जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के कार्य प्रारंभ करेंगे व जनता को पुनः सुचारू रूप से मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होगी।

### पार्षदों को पंकज ने दी खुली चुनौती

गिरफ्तारी के पूर्व पंकज साहू ने प्रेस वार्ता कर कहा कि नगर पालिका के अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि जिस शहर में महिला सुरक्षित नहीं वह शहर सुरक्षित नहीं। जबकि विवाद के बाद उसके घर में 40-50 लोग आधी रात को पहुंचे और परिवारजनों और महिलाओं की मौजूदगी के दौरान घर में तोड़फोड़ की गई। साहू ने आगे कहा कि मुझे संविधान पर भरोसा है और न्याय पालिका पर पूरी मेरी आस्था है। पूर्व पार्षद ने नपाध्यक्ष के पक्ष में खड़े पार्षदों को चुनौती देते हुए कहा है कि वह खुले मंच में मुझसे आमना सामना कर लें, और मेरे आरोपों को झुठला दें। मैं हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगा।

# मंदिर एवं किसान के घर से नकदी रकम एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





जिले के सरायपाली क्षेत्र के एक मंदिर और किसान के घर से आलमारी में रखे रुपए अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी किए जाने की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली थाना क्षेत्र में स्थित अर्जुंडा धाम के घंटेश्वरी मंदिर में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने मंदिर के 5 ताले तोड़कर दान पेटी और सोने-चांदी की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। चोर दान पेटी को मंदिर से बाहर खेत में फेंककर नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद लाखों रुपए की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा है। 8 महीने पहले प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह मंदिर क्षेत्र के भक्तों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र बन गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दूसरा मामला पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गड़बेड़ा में बीती रात्रि एक किसान के घर से अज्ञात चोरों ने घर की आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 5 लाख 95 लाख रुपए की चोरी कर ली है। प्रार्थी किसान के रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि गड़बेड़ा निवासी किसान लोकनाथ नायक ने धान बेचने कल ही बैंक से रकम निकाल कर अपने घर की आलमारी में रखा था, जिसे बीती रात्रि अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर की गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के उपरांत पिथौरा एसडीओपी और फोरेंसिक की टीम घटनास्थल पहुंचे और मामले में जांच शुरू कर दी है।

0**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा से सोने के जेवर और मोबाइल चोरी की खबर सामने आई है। कसहीबाहरा निवासी अवध राम पटेल ने थाने में शिकायत की है कि वे लोग 27 नवंबर की रात खाना खाकर सो गए थे। 28 नवम्बर की रात करीब साढ़े 3 बजे चोरी की जानकारी हुई।

# अवैध धान परिवहन व भण्डारण पर सतत कार्रवाई जारी

## अभी तक 76 प्रकरण में 5653 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध धान की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई सतत जारी है। कलेक्टर लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान का परिवहन व भण्डारण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में संबंधित वाहन, धान और तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, धान के अवैध कारोबार में शामिल व्यापारियों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। निर्देशानुसार बिना उचित दस्तावेजों और अनुमति के धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे परिवहन को तुरंत जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 दिसंबर को स्टॉक से अधिक अवैध भंडारण एवं अंतर्राष्ट्रीय 4 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 181 बोरा (72.4 क्विंटल) धान जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग द्वारा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध 9 नवंबर से सतत कार्रवाई जारी है। 3 दिसंबर तक कुल 76 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई हैं। जिसमें 03 प्रकरण अंतरराज्यीय तथा 73 प्रकरण राज्यीय है। कार्रवाई में 14168 बोरा धान (5653.60 क्विंटल) जब्त किया गया है। इस दौरान अवैध धान परिवहन में संलिप्त 06 वाहनों को भी जब्त किया गया है।

## राज्य में नगरीय निकाय अध्यक्षों के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे

# जनता सीधे चुनेगी पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले में तीन नगर पंचायतें हैं नगर पंचायत तुमगांव, नगर पंचायत पिथौरा, नगर पंचायत बसना एवं तीन नगर पालिकाएं भी हैं। नगर पालिका बागबाहरा, नगर पालिका महासमुंद, नगर पालिका सरायपाली इन सब के अध्यक्षों का चुनाव अब सीधे तौर पर जनता करेगी। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनावों से पहले राज्य की भाजपा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब जनता खुद नगर पंचायत, नगरपालिका अध्यक्ष और नगर निगमों में महापौर का चुनाव करेगी। इसके साथ ही मतदाता दो वोट डालेंगे, एक पार्षद और दूसरा नगर पालिका अध्यक्ष के लिए। छत्तीसगढ़ में नगर निगम के महापौर तथा नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष तरीके से कराया जाएगा। यानी जनता अब सीधे इनके लिए वोट करेगी।

इस फैसले के साथ ही साथ ही साय सरकार ने तत्कालीन भूपेश सरकार के एक और फैसले को पलट दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके लिए नगर निगम तथा नगर पालिका अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसी तरह ओबीसी आयोग द्वारा प्रस्तुत आरक्षण रिपोर्ट के आधार पर निकायों में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत किए जाने को भी मंजूरी दे दी गई है।

### चुनाव अब होगा प्रत्यक्ष रूप से

अब छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकायों के चुनावों में बड़ा बदलाव किया है। कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के नगर पालिक निगमों के महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन अब प्रत्यक्ष रूप से कराया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश 2024 और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे, जिनमें प्रत्यक्ष निर्वाचन और आरक्षण से संबंधित प्रावधानों का समावेश किया जाएगा।

### भूपेश सरकार ने 2019 में बदल दिया था नियम

भूपेश बघेल सरकार ने 2019 में महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के माध्यम से कराने का नियम लागू किया था, जिससे विपक्षी भाजपा ने तीव्र विरोध किया था। इससे पहले, 1999 तक अविभाजित मध्य प्रदेश में नगर निगमों के महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किया जाता था। लेकिन बाद में तत्कालीन सरकार ने इसे अप्रत्यक्ष रूप से कराने का निर्णय लिया था।

### आरक्षण पर भी सहमति

राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग ने नगरीय निकाय तथा पंचायतों में चुनाव ओबीसी के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर ओबीसी की संख्या के अनुपात में अधिकतम 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अनुशंसाओं को भी मंजूरी दे दी गई है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

### जिले में 13 हजार 408 टन धान खरीदी

**रायपुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जारी है। जिले में मंगलवार को 3 हजार 25 किसानों से 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह इन किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रुपए धान की खरीदी हुई। इस खरीदी के बाद जिले में अब तक 139 उपार्जन केंद्रों में 36 हजार 112 किसानों से 1 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल उरला में किया पौधारोपण

**रायपुर।** एसकेए स्टील एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा सीईआर के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर द्वितीय चरण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल उरला में पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 वाटर कूलर भी स्थापित किए गए। इस मौके पर पॉवर लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिल अग्रवाल ने कहा कि उनके उद्योग की इस पहल से अब गर्मी के दिनों में पाठशालाओं के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध होगा।

### धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी प्रभारी हटाए गए

**रायपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी में निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी एनआरके चंद्रवंशी द्वारा पाया गया कि उपार्जन केंद्र के प्रभारी मुकेश बैष्णव द्वारा बिना ड्रेनेज के धान की स्टेकिंग की गई है, जबकि शासन की उपार्जन नीति में प्रावधान है कि धान का स्टेकिंग ड्रेनेज के ऊपर की जाए। इस प्रकार मुकेश वैष्णव द्वारा धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### निजी स्कूल के अकाउंटेंट ने की छह लाख की धोखाधड़ी



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना में एक निजी स्कूल के प्राचार्य ने अपने यहां काम करने वाले एक अकाउंटेट के खिलाफ छह लाख 17 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गबन की जानकारी पालकों को फीस के बदले कच्ची रसीद देने तथा ऑडिट रिपोर्ट से स्कूल प्रबंधन को मिली। पुलिस के मुताबिक महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य बिरेंद्र माहेश्वरी ने सविता साहू के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि सविता उनके स्कूल में सितंबर 2022 से जुलाई 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थी। स्कूल प्राचार्य के अनुसार सविता ने इस साल मार्च से जुलाई के बीच फीस की राशि गबन की है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अकाउंटेंट ने छात्रों की फीस की जमा रकम को बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। अकाउंटेंट ने जुलाई में अपनी शादी के समय पालकों को जमा शुल्क की पक्की रसीद देने के बजाय कच्ची रसीद दी थी। आय-व्यय में भिन्नता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन ने इसकी जांच कराई, तो अकाउंटेंट द्वारा फीस की राशि में गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।

# 20 हजार से ज्यादा बूथों में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

**अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। मंगलवार से मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनाने का काम चल रहा है। अब तक 20 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। बचे बूथों में से जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनेगी। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया है। दो दिनों बाद यह समय सीमा भी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक तीन दिसंबर की स्थिति में 20 हजार दो सौ बूथों में बूथ कमेटियों का गठन हो चुका है। अभी छह जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा, संभावना है कि पांच दिसंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बन जाएंगी।




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हे सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया, पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा।

## मुख्यमंत्री साय बोले- हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित बनाएंगे

# भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद भी फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जनादेश दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। पिछले वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे, जिसमें भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश के साथ शानदार जीत अर्जित की थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, 3 दिसंबर को हम सभी लोग जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई। श्री साय ने कहा, तब श्री साव ने नेतृत्व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को साथ लेकर कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए, कांग्रेस की भूपेश सरकार के गलत कार्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करने के लिए संघर्ष और आंदोलन किए। श्री साय ने कहा, तब कोई यह मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा की सरकार बनेगी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार तो इतना ओवर कॉन्फिडेंस में थी कि सरकार तो कांग्रेस की बनेगी, सबने मिलकर तत्कालीन सरकार और कांग्रेस पार्टी की मुखालफत की और चुनाव जीतने में सफल हुए। श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन देने का हमारा संकल्प है। श्री साय ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में जो भ्रष्टाचार का रास्ता था, हम उसे बंद कर रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।





### अब विष्णु का सुशासन : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, एक साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका था। आज राज्य में विष्णु का सुशासन है और प्रदेश विकास की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। श्री साव ने तब कही गई अपनी बात को भी याद किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न डरेगा, न झुकेगा और राज्य की अन्यायी, अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके बिना चैन की नींद नहीं सोएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, सौरभ सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जयंती पटेल, छगनलाल मूंदड़ा, सचिदानंद उपासने, केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, राजीव चक्रवर्ती, अंजय शुक्ला, सलीम राज, अशोक बजाज, सुनील पिल्लई, मितुल कोठारी, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, गौरी शंकर श्रीवास, अभिनेश कश्यप, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सत्यम दुआ, जेपी चंद्रवंशी, विश्वादिनी पांडेय, किरण बघेल, तुषार चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मूणत ने हीरापुर अटारी में स्कूल-कालेज के लिए दिलवाया फंड



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत का अपने क्षेत्र के वार्डों के स्कूल-कालेजों में सुविधाएं दिलाने का अभियान जारी है। इस बार उन्होंने वीर सावरकर नगर (हीरापुर-जरवाय, अटारी) इलाके के सरकारी स्कूल और कालेज में जरूरत के मुताबिक प्रार्थना शेड और कमरों में सीपेज की मरम्मत तथा कालेज में फेंसिंग समेत सामुदायिक भवन और सीसी रोड के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा का फंड दिलवाया है। श्री मूणत ने इन सभी कार्यों का भूमिपूजन भी कर दिया। सभी काम बुधवार-गुरुवार तक चालू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस वार्ड की बड़ी आबादी सरकारी स्कूल-कालेजों पर निर्भर है। वहां अध्ययनरत छात्रों और टीचिंग स्टाफ की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी हर जरूरत पूरी की जाएगी। उन्होंने स्कूल मेंटेनेंस और सीसी रोड के लिए सीएम साय तथा डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की तैयारी, सवा दो लाख वेतन, तीन साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होगी। इस एक पद के लिए सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आवेदन बुलाए हैं। खास बात ये है कि यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और मुख्य सूचना आयुक्त का मासिक वेतन सवा दो लाख रुपए महीना होगा। यह पद लंबे समय से खाली है। अब से पहले इस पद के लिए सितंबर 2022 और फरवरी 2024 में भी आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन उस समय भर्ती नहीं की गई थी।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बताया गया है कि इस पद के लिए भारत का कोई भी नागरिक आवेदन कर सकता है। इस पद के लिए योग्यता ये है कि आवेदक विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता जनसंपर्क, माध्यम या प्रशासन और शासन में व्यापक ज्ञान का अनुभव रखने वाला प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होगा या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होगा। ये साफ किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के पहले संबंधित व्यक्ति को लाभ का पद, कोई कारोबार या व्यापार छोड़ना या बंद करना होगा। 65 साल की आयु प्राप्त करने वाले व्यक्ति नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।




**नए विधायक सोनी एक्शन मोड में**

## विकास का रोडमैप बनाने जोन आयुक्तों को निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर दक्षिण से जीतने वाले भाजपा के विधायक सुनील सोनी जीत के बाद अब अपनी विधानसभा के विकास के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर और अपनी विधानसभा के नगर निगम के चार जोन के आयुक्तों को बुलाकर जहां रायपुर दक्षिण में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, वहीं विकास का रोड मैप भी बनाने के निर्देश दिए हैं। सुनील सोनी ने जोन आयुक्तों से दो टूक कहा, किसी भी हाल में विकास के कामों में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी योजनाओं के कामों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने विधानसभा के वार्डों में चल रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा विधानसभा में हर तरह के विकास कार्यों को पूरा करना है। जनता के हितों वाली योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। किसी भी हाल में विधानसभा की जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, सरिता वर्मा, सावित्री साहू के साथ नगर निगम कमिश्वर अबिनाश मिश्रा, स्मार्ट सिटी के उज्जवल पोरवाल सहित चार जोनों करे आयुक्त उपस्थित थे।

## पीएम आवास 2.0 दस्तावेज के अभाव में हितग्राहियों के आवेदन निरस्त नहीं करें, देना है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने के मामलों को सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस संबंध में कहा है कि ऐसा करने से संभव है कि पात्र हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग दस्तावेज के अभाव में शासन की योजना से वंचित हो जाएगा, जबकि यह शासन की महती योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें योजना का लाभ देना है। दस्तावेज की कमी वाले आवेदकों को रियायत देने कहा गया है।




### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजन 2.0 लागू की है। पिछले महीने नवंबर से योजना लागू होने के बाद 15 नवंबर से ही राज्य के सभी नगरीय निकायों में भारत सरकार के यूनिफाइड़ वेब पोर्टल रैपिड असेसमेंट सर्वे भी प्रारंभ किया जा चुका है। इस सर्वे में सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक का आधार विवरण, परिवार के सदस्यों का आधार विवरण, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और भूमि दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

### सामने आई ये गड़बड़ी

सूडा ने पाया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकाय योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा रैपिड असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत आए आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में निरस्त किया जा रहा है। सूडा का कहना है कि योजना के तहत हितग्राही सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने के लिए शासन का मूल उद्देश्य समस्त संभावित लाभार्थियों को योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन दस्तावेजों की कमी के कारण हितग्राहियों के आवेदन निरस्त किए जाने से हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग शासन की इस योजना से वंचित हो जाएगा। ऐसे हितग्राहियों के लिए अब ये छूट दी गई है।

### अब दिए गए हैं ये निर्देश

सूडा ने अब निकायों से कहा है कि हितग्राहियों के आवेदनों को दस्तावेज की कमी के कारण तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों के दस्तावेज की पूर्ति के लिए समय दें, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। हितग्राहियों को अनिवार्य दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र आय प्रमाणपत्र के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से नगरीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग दें।

**धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत किसानों से की चर्चा**

# प्रदेशभर के धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था किसानों की समस्या से अवगत हुए कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में 'धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया।' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विभिन्न सोसाइटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायकों और पूर्व विधायकों सहित जिला अध्यक्षों ने भी अपने-अपने जिलों में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जाकर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि बारदाने की कमी है, टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, किसानों को भुगतान मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

### जिले में इन नेताओं ने किया दौरा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, उधोराम वर्मा ने धरसींवा धान खरीदी केंद्र और सांकरा धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंहदेव ने यहां किया दौरा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव महासमुंद के पिथौरा, राजाडेरा एवं बिलाईगढ़ के सरसींवा सोसाइटी गये। इन सोसाइटियों में भी किसान बारदाने, टोकन, कम तौल एवं उठाव की समस्या से परेशान हो रहे हैं।

## पीएम आवास योजना सर्वे में भेदभाव व अन्य मुद्दों पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

**शहर कांग्रेस ने ली पार्षद दल की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर नगर निगम के पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टैक्स वसूली के नाम पर आम जनता को परेशान करना, बढ़ते हुए बिजली बिल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भेदभाव के साथ रायपुर राजधानी में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप जैसी समस्या को लेकर चर्चा हुई।




शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि भाजपा की सरकार में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। बढ़ते हुए बिजली बिल और टैक्स वसूली के नाम पर निगम द्वारा लोगों के घरों में टैक्स की रसीद को चस्पा कर वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। निगम एवं जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में कार्य कर रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर हम आगामी दिनों में जोन वार आंदोलन करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा प्रमोद दुबे पंकज शर्मा आकाश शर्मा सहित कई पार्षद मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सहायक आयुक्त साय ने एकलव्य विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

**महासमुंद।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का सहायक आयुक्त शिल्पा साय के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त द्वारा विद्यालय भवन, कन्या और बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय, कंप्यूटर एवं अन्य लैब का निरीक्षण कर सभी सामग्रियों की जांच की एवं सभी सामग्री कार्यरत स्थिति में पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया। बच्चों से भी चर्चा कर पढ़ाई एवं लैब प्रैक्टिकल के संबंध में जानकारी लेकर प्रभारी प्राचार्य महेंद्र टंडन को अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही छात्रावासों में दिए जाने वाले भोजन के संबंध में अधीक्षक और बच्चों से चर्चा किया गया और गुणवत्ता पूर्ण भोजन समय पर देने कहा गया। दोनों ही छात्रावासों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने दोनो छात्रावासों के अधीक्षक और प्राचार्य को निर्देशित किया गया। श्रीमती साय ने राज्य स्तरीय एकलव्य विद्यालयों के खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों और पुरस्कृत बच्चों से भेंट कर उनकी सराहना की।

### खरोरा के शहीद स्मारक व मुक्तिधाम को नुकसान पहुंचा रहे शराबी

**महासमुंद।** खरोरा के शहीद स्मारक, मुक्तिधाम, तालाब के किनारे को शराबियों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसे लेकर खरोरा के मुकेश चंद्राकर एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थलों पर शराबियों द्वारा बोतल तोड़कर फेंक दिया जाता है। जिससे यहां आने वालों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी इसे लेकर आवेदन दिया गया था, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सरपंच ने किया बुजुर्गों एवं दिव्यांगों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के दिशा निर्देश में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को विशेष रूप से मनाया गया। सरपंच चंद्राकर ने साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपने गांव से लगभग 70 लोगों को भेजकर जिले में अपनी ताकत दिखाते हुए ग्रामीण स्तर पर अपने विरोधियों क़े समक्ष एक तरह से चुनावी शंखनाद कर ही दिया है। वैसे तो शासन के प्रत्येक कार्य में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की सक्रियता क़े चलते ग्राम पंचायत बेलसोंडा का अहम योगदान रहता है जिसके कारण जिले में किसी भी



तरह की जवाबदारी एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्यों क़े लिए जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत बेलसोंडा का ही चयन किया जाता है।

रायपुर से सम्मान प्राप्त करके आए वृद्धजनों का सरपंच भामिनी ने पंचायत भवन में अपनी टीम के साथ पुनः साल, श्रीफल, साड़ी एवं बेडशीट देकर सम्मान किया गया। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर क़े साथ सक्रिय पंच प्रकाश साहू, हेमा साहू, ईशा धीवर एवं सरस्वती साहू, रामायनिक तुलसीराम सेन, सनत धीवर ने गांव क़े संतोष चंद्राकर, चैतू धीवर, गंगाराम धीवर, दिलीप धीवर, जमुना चंद्राकर, कमला चंद्राकर, सोना विश्वकर्मा, पीला साहू, फूलबाई साहू, हठीयारिन धीवर, राधिका चंद्राकर, पवन धीवर, कांति धीवर, फूलना चंद्राकर, सुलेना चंद्राकर, जानकी देवांगन, सुरजा बाई, शांति धीवर, कुमारी बाई सेन, तीजमती धीवर, गिरिजा धीवर, गौरी साहू, चंदा चंद्राकर, पुनीत चंद्राकर, जगमोहन चंद्राकर, तुकाराम साहू, चैतराम साहू, अवधराम साहू, पवन कुमार, नंदूराम बघेल, त्रिभुवन धीवर, केजूराम, बोधन धीवर, पंचराम चंद्राकर, भरत राम, देशी धीवर, जोहन धीवर, हीराधर धीवर, मदन यादव को सम्मानित किया गया।

# एसडीएम कार्यालय में पूर्व विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ.विमल चोपड़ा एवं साथियों द्वारा राजस्व विभाग संबंधी छोटे-बड़े प्रकरणों की समस्याओं से पीड़ित लोगों की बात सुनी गई। बुधवार को एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में साथ ही रजिस्ट्रार कार्यालय जाकर रजिस्ट्रार अधिकारी और दस्तावेज़ लेखकों से बात कर जमीन रजिस्ट्री और जमीन का ब्यौरा ऑनलाइन चढ़ाया जा रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली गई।

ज्ञात हो कि प्रत्येक बुधवार की तरह आज भी डॉ. चोपड़ा ने राजस्व समस्याओं से पीड़ित लोगों की बात सुनी, जिसमें ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र के परेशान लोगों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अवगत कराई जिसके पश्चात डॉ. चोपड़ा द्वारा लोगों के प्रकरणों का



अवलोकन किया गया। डॉ. चोपड़ा ने लोगों के प्रकरणों को निराकरण करने के प्रयास से एसडीएम, तहसीलदार से मिलकर चर्चा करना चाहा परंतु कार्यालयीन समय होने के बावजूद एसडीएम उपस्थित नहीं थे, और न ही तहसीलदार। एसडीएम, तहसीलदार को फोन किया गया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कार्यालय में उपस्थित नायब तहसीलदार लोगों के बीच आए जिसके बाद डॉ. चोपड़ा ने लोगों के मामलों को उनके समक्ष रखा और जल्द निराकरण करने की बात कही। इस दौरान भाजपा नेता मोहन साहू, पवन साहू, पार्षद देवीचंद राठी, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, मेघराज चंद्रसेन, हनीश बग्गा, सुरेंद्र महाराज, डोमार पटेल, सुरेंद्र यादव सहित आम लोग मौजूद रहे।

# मार्गशीर्ष मास के गुरुवार को लक्ष्मी पूजा व्रत के साथ घरों में हो रही पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में मार्गशीर्ष मास की शुरुआत कार्तिक पूर्णिमा के बाद हुई हैं। अंचल में इसे अगहन वृहस्पति के दिन से जाना जाता है। महिलाएं चारों गुरुवार के पहले दिन से घर व आंगन सजाकर, विधि विधान से लक्ष्मी-विष्णु की पूजा कर दीपदान करती हैं। मंदिरों और घरों में अक्षत, हल्दी, फूल से पूजा होती है। विवाहित महिलाएं बुधवार की शाम को घरों को साफ कर,चावल के लेप से रंगोली बना कर,मां लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है। गुरुवार की सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में आंवला फल, पंचमेवा, खीर पूड़ी का भोग लगाती हैं। इसके बाद शाम को विसर्जन कर व्रत पूरा करती हैं और शाम को मोहल्ले में चना दाल, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित करती है। राम मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि धर्मशास्त्रों में मार्गशीर्ष के महीने का संबंध



ज्योतिष के 27 नक्षत्रों में से एक मृगशिरा नक्षत्र से है इसमें भगवान श्रीकृष्ण की पूजा उनके सभी स्वरूपों में की जाती है। साथ ही घरों और मंदिरों में शंख की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार शंख की उत्पत्ति सागर मंथन से हुई है और शंख को देवी लक्ष्मी का भाई माना जाता है, इसकी पूजा करना सुख-समृद्धि का प्रतीक है।

# नवकिरण अकादमी के मेंबर किसलय का जिला सेनानी पद पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं शुभम देव नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित रूप से संचालित है

डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि हाल ही में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के फाइनल नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी के फैकल्टी मेंबर किसलय देवांगन का जिला सेनानी के पद पर चयन हुआ है। साथ ही साथ श्री किसलय देवांगन का एस आई के पद पर भी चयन हुआ है उनके साथ ही नवकिरण जिला ग्रंथालय के अभ्यर्थी प्रमिला मांडले ने 358 रैंक हासिल किया है। 358 रैंक के साथ सहकारिता निरीक्षक पद के लिए प्रतिक्षा सूची में नामांकित है।



ज्ञातव्य है कि विगत वर्षों से नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से सीजी पीएससी में चयन हो रहा है। वर्ष 2021 में फैकल्टी मेंबर डिगेश देवांगन (जिला आबकारी अधिकारी), वर्ष 2022 में फैकल्टी मेंबर योगेंद्र कुमार देवांगन (नायब तहसीलदार) एवं कुल अब तक 52 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदो पर हुआ है। इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद व अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, एस आलोक सीईओ जिला पंचायत महासमुंद व उपाध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, शुभम देव नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, मोहन राव सावंत जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद व सदस्य सचिव नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, एमजी सतीश नायर सहायक संचालक, कमल नारायण चंद्राकर, रेखराज शर्मा, रीता पांडे, दुर्गावती भारतीय, गजेंद्र ध्रुव, डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ - चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल - भागवत प्रसाद पटेल, यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर नवकिरण अकादमी में 12 टेस्ट सीरीज आयोजित किया जा रहा है व साथ ही साथ नवकिरण अकादमी में दो पालियों में मॉर्निंग और इवनिंग पाली में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है इससे संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते हैं।



### भाजपा किसान नेता साहू ने वाणिज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन से की मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा नेता व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मंत्री लखन लाल देवांगन से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजनाओं के बारे में चर्चा किया। वहीं मुलाकात के दौरान भगवा गमछा भेंटकर एक साल के सफल कार्यकाल की बधाई दिया इस दौरान भाजपा युवा नेता गब्बर साहू साथ में उपस्थित रहे।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर केंद्रीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में 29 नवंबर शुक्रवार को बाल विवाह कुरीति की रोकथाम के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कक्षा 8वी 'ब' के विद्यार्थियों ने बाल विवाह रोकने पर आधारित प्रहसन प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम कक्षा शिक्षक दशरथ राम यादव के निर्देशन और सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किए गए, जिसकी प्राचार्य संजय कंसल और विद्यालय के



समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सराहना की। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं के शानदार प्रस्तुतिकरण के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को समय - समय पर आयोजित करने की अपील किए।

इस प्रहसन में मुख्य भूमिका घनिष्ठा देवांगन ने निभाई, और मिष्ठी, गीतिका, ईशा, इशिका, मेधा, अनंदिता, अनुष्का पटेल, सुधांशी, प्रेक्षित, राकेश, निश्चल प्रसाद, सेम कुमार, एकमदीप, युवराज, रूद्र प्रताप ने अभिनय किए। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन का विशेष योगदान रहा।



### निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया

**तुमगांव।** मितानिन दीदीयों ने सोमवार को भाटापारा स्थित निषाद भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल ने किया। शिविर में करीबन 100 लोगों की नेत्र जांच हुई और 20 मोतियाबिंद मरीजों का उपचार निशुल्क एमजीएम नेत्र संस्थान की ओर से कराया जाएगा। इस दौरान पार्षद गंगा निषाद, स्वास्थ्य अधिकारी सुनीता उइके, मितानिन सुनीता यादव, हेमिन निषाद, नोकेश्वरी साहू, टुकेश्वरी ध्रुव, संतोषी सेन, लाकेश्वरी यादव एवं एमजीएम हॉस्पिटल से डॉक्टर कुलदीप, पैरामेडिकल की पूरी टीम भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल, द्रोणाचार्य साहू, कीर्ति बघेल, कुंदन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



### विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**महासमुंद।** विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र महासमुंद तथा वेटनरी पालिटेक्निक महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत 3 दिसंबर को जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ गोविंद देवांगन ने सर्वप्रथम विश्व एड्स दिवस की उपलक्ष में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी प्रदान की और रोकथाम के उपाय के बारे में निर्देशित किया डॉक्टर देवेश कुमार गिरि ने एड्स वायरस के कारण उत्पन्न होने वाले ईमीनो डिफिशिएंसी के बारे में छात्रों को अवगत कारण साथ ही मानव अधिकार के बारे में छात्रों को जानकारी दी गया। नेहरू युवा केंद्र महासमुंद से अशोक कुमार,राकेश कन्नौजे मौजूद रहे।



### किसानों को अपनी मेहनत का सही दाम मिलने पर नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, किसानों के लिए एक नायक के रूप में सामने आई है, जो उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी है। सरकार द्वारा की गई इन पहल ने किसानों को उनके अधिकार दिलाए हैं और उनके आर्थिक हालात में सुधार किया है। किसान अब अपनी मेंहनत का सही मूल्य प्राप्त कर रहे हैं, और कृषि क्षेत्र में नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। किसानों के लिए धान की फसल एक महत्वपूर्ण आय का स्त्रोत होती है, और इसके सही मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया बन चुकी है, जिससे राज्य सहित जिले के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। अब तक जिले के 32,241 कृषक अपने धान का समर्थन मूल्य पर विक्रय कर चुके हैं। यह न केवल किसानों की मेहनत का फल है, बल्कि राज्य सरकार की नीति और प्रयासों का भी प्रमाण है, जो किसानों को उनके अधिकार का वाजिब मूल्य दिलाने में सक्षम हुई है। राज्य सरकार की इन प्रयासों की सराहना करते हुए ग्राम नांदगांव के किसान बिहारी लाल पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्राम नांदगांव के किसान श्री बिहारी लाल पटेल जो कि धान उपार्जन केंद्र बेलसोंडा धान बेचने आए थे। उन्होंने बताया कि उनका खुद का 45 डिसमिल जमीन है तथा वे 3 से 4 एकड़ अधिया लेकर कृषि कार्य करते हैं। वे बताते है कि इस बार धान फसल की उपज में वृद्धि हुई है। जिससे उन्हें अतिरिक्त मुनाफा होने वाला हैं।

# हर गरीब का पक्का आवास का सपना हो रहा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 69,905 गरीब परिवार स्वाभिमान और संतुष्टि के साथ कर रहे निवास**

हर गरीब को पक्का छत मिले इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से ग्रामीण इलाकों में टूटे खपरैल और धंसकती दीवारों के बीच जीवनयापन कर रहे गरीब परिवारों के लिए एक नए सपने से कम नहीं है। इस मिशन को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। चयनित पात्र हितग्राहियों के पक्के घर का सपना



पूरा करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है।

जिंदगी भर कच्चे मकान में रहने की दुख से उबरते हुए अब गरीब परिवारों को भी पक्का छत नसीब हो रहा है। ग्राम बेमचा के शिवबती ध्रुव के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुई है।

पहली किस्त की राशि 40 हजार रुपए मिल चुकी है। अब उनके सपनों की घर का बुनियाद पड़ गई है और जल्दी ही उनका घर बनकर तैयार हो जाएगा। अपने घर और पति के सपनों को प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि शादी के समय वे कच्चे खपरैल के घर में आई थी, तबसे आज लगभग 25 वर्षों बाद उनका सपना पूरा हो रहा है। ऐसे ही हजारों हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ महासमुंद जिले में मिल रहा है।

इस योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 के दौरान जिले में 73,266 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से अब तक 69,905 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 3,361 आवास निर्माणाधीन हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत महासमुंद जिले में 583 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का सर्वे एवं पंजीयन पूरा हो चुका है।

सभी हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किया गया, जिनमें से 3 दिसंबर तक 195 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 388 आवास प्रगतिरत हैं। जिसके तहत 579 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा किया गया है। इसी तरह 504 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 353 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 112 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि जारी किया जा चुका है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON Hearing Aids Available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

**महासमुंद।** जिला के फारेस्ट ग्राऊड में पूर्व सैनिक संगठन के द्वारा भारतीय नौसेना दिवस पर अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के युवाओं को जानकारी दी गई जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहां भारतीय नौसेना की बहादुरी, शौर्य और जज्बे को सलाम करने के लिए हर साल भारत देश में 4 दिसंबर के दिन भारतीय नौसेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, अरुण साहू उपस्थित थे।

### कुम्हार समाज का एक दिवसीय कुराल महोत्सव व मड़ई मेला 6 को

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सराईपाली (कोमाखान) में चक्रधारी कुम्हार समाज द्वारा एक दिवसीय भव्य मड़ई मेला एवं कुराल पूजा महोत्सव का आयोजन 6 दिसंबर को मनाया जा रहा है, जिसमें 5 दिसंबर को संध्या भव्य शोभायात्रा के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह चक्रधर भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित कर हवन पूजा की जाएगी। दोपहर में प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए महासमुंद अंचल के सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच चंदा के अंजोर भठोरी बसना का कार्यक्रम रखा गया है, उक्त साय की जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश चक्रधारी कुम्हार समाज के केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने दी है।

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव 6 को, कार्यक्रम की तैयारी में जुटे समाज जन

**नर्रा।** ग्राम बिन्द्रावन में कुम्हार समाज के द्वारा कुराल पूजा महोत्सव 6 दिसंबर दिन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। एक दिन पूर्व 5 दिसंबर को बाजे गाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत कका भतीजा नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। इस दिन मार्गशीर्ष पंचमी तिथि शुक्रवार को चक्रधर भगवान विष्णु जी विधि विधान से हवन पूजन की जाएगी। इसके बाद दोपहर में प्रसादी के रूप भंडारा आयोजन किया है।

### खरोरा में दीप यज्ञ आज



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में दीप यज्ञ का कार्यक्रम 5 दिसंबर को रखा गया है इस अवसर पर महिलाओं ने साफ सफाई किया गया जिसमें गीता चंद्राकर, पार्वती धीवर, हीरेंद्र वैष्णो, श्यामबाई, चंद्राकर, मेमन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया गायत्री परिवार के द्वारा कल गुरुवार को दीप यज्ञ का कार्यक्रम शाम 4 बजे शुभारंभ होगा और 108 दीप का यज्ञ किया जाएगा इस दीप यज्ञ का संकल्प लेते हैं यह दीप यज्ञ सभी लोगों के लिए बहुत शुभ होते हैं।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 6 दिसंबर को

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक की शुक्रवार 6 दिसंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 11 बजे से होगी। बैठक में शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधितों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

## आयोजन : अखिल भारतीय स्तर पर 13वां परिचय सम्मेलन रायपुर में

# एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11-12 जनवरी को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विवाह योग्य एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के स्थानीय संयोजक गुंजन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा समाज के एजुकेटेड युवक-युवतियों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 13वां परिचय सम्मेलन का आयोजन 11-12 जनवरी 2025 को श्री रामस्वरूप निरंजन लाल ट्रस्ट धर्मशाला वीआईपी रोड, रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

लगातार नवें वर्ष आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन की देश के अग्रवाल समाज में प्रतीक्षा होती है। 2024 में आयोजित परिचय सम्मेलन में 60 लड़कियों एवं 150 लड़कों ने हिस्सेदारी की थी। पंजीयन लगभग 800 बच्चों के हुए थे जिसमें 45 प्रतिशत बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए, एडवोकेट, चार्टर्ड एकाउटेंट थे। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार परिचय सम्मेलन एवं परिचय पत्रिका के माध्यम से लगभग 618 विवाह संपन्न हो चुके है। परिचय सम्मेलन कन्हैया अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राजेश केडिया, दीपक बंसल एवं राधेश्याम अग्रवाल के संयोजकत्व में सम्पन्न होगा। परिचय सम्मेलन के लिए 245 पंजीयन प्राप्त हो चुके है, जिनमें डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, एमबीए व्यवसायी आदि बच्चे शामिल है।

उन्होंने बताया कि पूर्णतः नवीन तकनीक के साथ आयोजित इस परिचय सम्मेलन में मंच पर किसी भी प्रत्याशी का परिचय नहीं लिया जाता है। परिचय का कार्य आधुनिकतम स्टूडियो में प्रोफेशनल एंकरों के माध्यम से किया जाता है, जिसका प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जाता है। परिचय सम्मेलन में केवल प्रत्याशी को साथ लाने पर ही प्रवेश दिया जाएगा, बगैर प्रत्याशी को साथ लाए किसी को भवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उक्त बैठक में स्थानीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, समाज के वरिष्ठ सदस्य मदन अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विदित धनानिया, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## कोमाखान महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि, लोक नृत्य प्रतियोगिता में दूसरा स्थान मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव 2024 - 25 चयन स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता में नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने कोमाखान के रथयात्रा तथा नुवाखाई में झांकी के साथ संबलपुरिया लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के निर्णायक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नृत्य को बहुत सराहा तथा द्वितीय स्थान प्रदान किए, जो कि इस महाविद्यालय के लिए बहुत ही का गर्व की बात है।

विदित हो कि इस महाविद्यालय को केवल एक वर्ष ही पूर्ण हो रहा है और-छात्र-छात्राओं ने प्रथम बार ही भाग लिया और प्रथम बार में ही युवा उत्सव प्रतियोगिता में बहुत ही कम संसाधनों के बावजूद द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। युवा- उत्सव कार्यक्रम में टीम पार्वती साहू एवं पोषण साथी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा संस्था प्रभारी डॉ. भूमिका शर्मा की अहम भूमिका रही, जिसमें सह- संयोजक भारती साहू एवं पूनम वालिवे अतिथि व्याख्याता साथी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला-स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 8 दिसंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्रतिवर्ष की भांति स्वास्थ्य विभाग बसना विकासखंड द्वारा एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिभागी के रूप में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी प्रतिवर्ष अलग अलग टीमों के माध्यम से प्रदर्शन करते है। बसना में होने वाले इस प्रतियोगिता में इस बार जिला चिकित्सालय महासमुंद, मेडिकल कॉलेज महासमुंद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, पिथौरा, तुमगांव, बागबहरा, बसना के अधिकारी कर्मचारी अपनी-अपनी टीम बनाकर इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले है।

मैच दिन रविवार 8 दिसंबर को सिटी ग्राउंड बसना में खेला जाएगा इसी दिन फाइनल विजेता व उपविजेता को ट्रॉफी, शील्ड मेडल से सम्मननित किया जाएगा। आयोजनकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना के बीएमओ डॉ नारायण साहु, डॉ दयानंद होता, डॉ राजीव पटेल, डॉ रमन पंडा, डॉ गुलशन धृतलहरे, डॉ मुकेश पटेल, डॉ लोकेश प्रधान, डॉ कुलदीप प्रधान, डॉ लोकेश साव, जयकिशन कौशिक, श्रीकांत साहू, योगेंद्र साहू, वरिष्ठ फार्मासिस्ट जीवन साव, भूपेंद्र साहू, रमाकांत भोई, खीरसागर नायक, डॉ सुनील वैष्णव, हिरेंद्र कर, धर्मेन्द्र कर, मोहन सोनवानी, भारती प्रधान, नियत सिदार, जिलाध्यक्ष विनय प्रधान, कीर्ति प्रधान, डोलचंद नायक व समस्त विभागीय क्रिकेट सदस्य एवं इस कार्यक्रम के प्रायोजक मां लक्ष्मी मोबाईल बसना, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहेगा।

## सौरभ दीवान बने डिप्टी कलेक्टर

**बिरकोनी।** जिले के ग्राम



सालिहाभाटा निवासी डॉक्टर जीसी दीवान व द्रौपदी दीवान के सुपुत्र सौरभ दीवान ने सीजीपीएससी की परीक्षा पास कर डिप्टी कलेक्टर का पद हासिल किया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा राज्य लोक सेवा परीक्षा 2023 में सौरभ दीवान का चयन जिला अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ। जिससे पूरे परिवार व समाज में अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। पिता डॉक्टर जीसी दीवान ने बताया कि सौरभ बचपन से ही पढ़ाई के प्रति अनुशासन प्रिय था। इनकी माता द्रौपदी दीवान विकासखंड में शिक्षिका है। डॉक्टर दीवान ने बताया कि सौरभ की प्रारंभिक शिक्षा विद्या ज्योति कुम्हारी एवं उच्च शिक्षा भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग से हुआ हैं। सौरभ स्थित सालिहा भाठा गांव के निवासी हैं। इन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ बुआ गंगा देवी ठाकुर, फूफा बीएल ठाकुर और मामा-मामी एवं भाई-बहन एवं अपने गांव सालिहाभाठा का नाम रोशन किया।

## प्राथमिक शाला में हुआ आनंद बाल मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में आनंद बाल मेला का आयोजन हुआ। शाला के बाल सभा ने निर्णय अनुसार प्रतिवर्षानुसार यह आयोजन शाला परिसर में हुआ। आनंद बाल मेला में छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान, गुपचुप, चाट, खस्ता, आटा लड्डु, चाय, कॉफी, चिप्स, मुंगोड़ी, बड़ा, समोसा, मुर्रा लड्डु, मिक्चर, पापड़, नड्डा, कटनी, लवंगलता, बिस्किट, खस्ता, फ्रूट जेम बिस्किट, भजिया चटनी, सब्जियां, विभिन्न प्रकार के चना मसाला, पान, बेर, अमरूद आदि की दुकानें आकर्षण का केंद्र रही। आनंद बाल मेला की रूपरेखा प्रधान पाठक वारिश कुमार ने रखा तथा शिक्षक नीलम कुमार, मथामणि साहू ने बाल सभा के छात्रों का उचित सहयोग किया। शिक्षिका नीलम कुमार द्वारा लगाया गया। पानी में सिक्के डालने का स्टाल सभी को लुभा रहा था।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति सदस्यों और समस्त पालकों का विशेष योगदान रहा। साथ ही प्रधान पाठक वारिश कुमार शिक्षिका नीलम कुमार के पुत्री और पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के 200 छात्रों को मध्याह्न भोजन के साथ ही साथ पौष्टिक आहार के रूप में भजिया, चटनी, केक, चॉकलेट और केला भी परोसा गया।

## राज्यस्तरीय कला उत्सव में आशीबाई स्कूल की छात्राओं ने देवार लोक नृत्य प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा अभियान स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की छात्राओं ने लोकनृत्य विधा के अंतर्गत देवार नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य के निर्देशक व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की देवार जनजाति पुराने समय में घुमंतू प्रवृत्ति के होते थे जो गांवों में नाच गाना दिखाकर जीवन यापन करते थे। देवारों द्वारा गाए जाने वाली कायाखंडी गीत पर आधारित लोकनृत्य छात्राओं ने प्रस्तुत किया, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की।




छात्राओं की सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, समग्र शिक्षा के जिला परियोजना अधिकारी कमलनारायण चंद्राकर, सहायक परियोजना अधिकारी संपा बोस, प्राचार्य जीआर सिन्हा, विवेक रहटगांवकर, खोमन चंद्राकर, छाया रंगारी, लता वैष्णव, चंचला गुप्ता, पूजा साहू, नोबल ध्रुव, आशीष देवांगन ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## मितानिनों का सम्मान किया गया...



**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी में मितानीन दिवस पर मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सरपंच मीना तीरथ पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मितानीनों का सम्मान साड़ी एवं फल देकर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिनों बहनों का कार्य सराहनीय है स्वास्थ्य सेवाओं का अहम भूमिका जैसे टिकाकरण से लेकर प्रसव तक निभाती है उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबधी जानकारी देने का जिम्मेदारी से किया जाता है। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि तिरथ पटेल उपसरपंच रामेश्वर सिन्हा सचिव मोहित चक्रधारी पंच शिवचरण कुर्रे मितानीन बहनें एवं ग्राम के लोग उपस्थित रहे।




## भोपाल गैस त्रासदी दिवस पर मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में भोपाल गैस त्रासदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर हादसे में मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर अध्यनरत दिव्यांग छात्राएं आस्था पांडेय, खिलेश्वरी साहू का सम्मान किया गया। संचालन व्याख्याता परसराम सिन्हा ने किया कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू सहित व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल,शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेंद्र सिंह ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं फोटोग्राफी में शेया टिकेदार का सहयोग रहा।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा को समस्या बताकर सौंपा ज्ञापन

# बेरोजगारी संकट को लेकर आशंकित मीटर रीडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद होने वाली संभावित दिक्कतों से कराया अवगत

विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। इसके चलते मीटर रीडिंग कार्य में लगे कर्मचारियों के समक्ष बेरोजगारी की संकट उत्पन्न हो गई है। मीटर रीडर संघ के रमेश कुमार चंद्राकर मालीडीह, पोषण यादव मोहकम, नारायण यादव तुमगांव, देवेंद्र कुमार निर्मलकर तुमगांव आदि ने उक्त समस्या को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर को समस्या से अवगत कराते हुए रीडरों पर मंडरा रहे बेरोजगारी की संकट का समाधान करने की मांग की है। तथा मुख्यमंत्री के नाम उन्हें एक आवेदन भी सौंपा है जिसमें, मीटर रीडरों को बिजली विभाग में समकक्ष अन्य कार्य प्रदान करने की मांग की गई है।

रीडरों ने कहा स्मार्ट मीटर लगने से छत्तीसगढ़ के 7000 मीटर रीडर बेरोजगार होने के कगार पर हैं। समस्त मीटर रीडर



जो 20 वर्षों से भी अधिक समय तक विद्युत विभाग को राजस्व देने का काम किया। अब उनके सामने ही रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है। उनका परिवार पूरी तरह उन्हीं पर आश्रित है। उन्हें अब अपने परिवार का पालन पोषण करने की चिंता सताने लगी है। रीडरों ने बताया कि छत्तीसगढ़ मीटर रीडर संघ द्वारा शासन-प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन आजपर्यंत तक ठोस फैसला नहीं लिया गया। रीडरों ने बताया कि उन्हें इससे पूर्व भारत सरकार के उर्जा मंत्रालय में संघ द्वारा सूचना का अधिकार लगाया गया था। इसका जवाब भी संघ को मिल चुका है।

इसमें स्पष्ट रूप उल्लेखित किया गया है कि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी मीटर रीडरों को रीडिंग बिलिंग के अतिरिक्त अन्य कामों पर रख सकती है। संघ ने मीटर रीडरों को अन्य कामों में रखने की मांग की।

### मीटर रीडरों के हित में सीएम से करूंगा निवेदन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कहा कि निश्चित ही स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। इससे उपभोक्ता बिजली खपत के अनुसार भी बिल भरेंगे। लेकिन, इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारियों के समक्ष रोजी-रोजी की संकट उत्पन्न हो जाएगी। मीटर रीडरों की समस्याओं से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराकर इन कर्मचारियों को बिजली विभाग में अन्य कार्यों पर लगाए जाने का निवेदन किया जाएगा।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511